आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 03.12.2025 समय : 18.30 पीएम

- राज्य मंत्रिमंडल ने राजस्थान जन विश्वास अध्यादेश को मंजूरी दी– राजस्थान ट्रेड प्रमोशन नीति सहित प्रदेश की अन्य नीतियों का भी अनुमोदनं
- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा – संचार साथी ऐप से जासूसी संभव नहीं
- केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने पर्यटन व्यवसाइयों से भारत की सकारात्मक तस्वीर दुनिया के सामने रखने का आह्वान कियां
- अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने दिव्यांगजन को समाज की अमूल्य निधि बतायां

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिमंडल और मंत्रिपरिषद की बैठक हुई, जिसमें प्रवासी राजस्थानी नीति, राजस्थान ट्रेड प्रमोशन नीति तथा राजस्थान पर्यटन नीति 2025 का अनुमोदन करने सहित कई महत्वपूर्ण फैसले किये गएं बैठक के बाद संसदीय कार्य और विधि मंत्री जोगाराम पटेल और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने पत्रकारों को मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दीं श्री पटेल ने बताया कि मंत्रिमंडल ने राजस्थान जन विश्वास अध्यादेश को मंजूरी दी हैं इसके तहत 11 कानूनों में युक्तिसंगत संशोधन किया गया हैं कुछ कानूनों में सजा के प्रावधानों के स्थान पर जुर्माना बढ़ाया गया हैं उन्होंने बताया कि इस अध्यादेश का मकसद ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देना हैं उन्होंने बताया कि जैसे पेड़ काटने पर अभी सजा और जुर्माना दोनों का प्रावधान है अब जुर्माने की राशि को 100 से बढ़ाकर 1000 रुपये किया गया हैं

........................

श्री पटेल ने बताया कि किशनगढ़ को जयपुर के वैकल्पिक हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने के लिए कैबिनेट ने 15 एकड़ भूमि निशुल्क आवंटित करने का निर्णय किया हैं उन्होंने बताया कि सरकारी नौकरियों में अब वेटिंग लिस्ट की वैधता को 6 माह से बढ़कर 1 साल कर दिया गया हैं इसके साथ ही कैबिनेट ने निर्णय किया है कि अनुकंपा नियुक्ति के मामले में अब कार्मिक के आश्रित 90 दिन की बजाय 180 दिन तक आवेदन दे सकेंगे

000

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि संचार साथी ऐप से जासूसी न तो संभव है और न ही होगीं आज लोकसभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री सिंधिया ने विपक्ष के जासूसी के आरोपों को खारिज कर दियां उन्होंने स्पष्ट किया कि उपयोगकर्ता अपनी सुविधानुसार पंजीकरण करके ऐप को सक्रिय कर सकते हैं और इससे लाभांवित हो सकते हैं उन्होंने कहा कि देश में एक अरब मोबाइल उपयोगकर्ता हैं और उपयोगकर्ताओं को साइबर धोखाधड़ी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से 2023 में संचार साथी पोर्टल और 2025 में संचार साथी ऐप लॉन्च किया गया हैं

000

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि फेक न्यूज लोकतंत्र के लिए खतरा हैं आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि एआई जनित डीप फेक की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एक नया मसौदा नियम प्रकाशित किया गया हैं उन्होंने कहा कि फेक न्यूज पर कार्रवाई करने की आवश्यकता हैं

000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने पर्यटन व्यवसाइयों से भारत की वास्तविक और सकारात्मक तस्वीर दुनिया के सामने रखने का आवहान किया हैं आज नई दिल्ली में सीआईआई समिट में उन्होंने कहा कि भारत की छवि बिगाड़ने की कोशिशों का इंडस्ट्री को मिलकर जवाब देना होगां उन्होंने पर्यटन को विकसित भारत 2047 की यात्रा का मुख्य ग्रोथ इंजन बतायां श्री शेखावत ने कहा कि अमेरिका या यूरोपीय देशों में गंभीर घटनाएँ होने पर भी उन्हें

'अनसेफ' नहीं कहा जाता, जबकि भारत में छोटी घटनाओं को नकारात्मक रूप से पेश किया जाता हैं उन्होंने बताया कि पिछले दस वर्षों में देश में 1 लाख 15 हजार किलोमीटर से अधिक नए हाईवे बनाए गए हैं, जिसका सीधा लाभ पर्यटन को मिलेगां उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें अपनी ओर से पर्यटन क्षेत्र में पूरी शक्ति से काम कर रही हैं

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि दिव्यांगजनों में अदम्य इच्छा शक्ति और विशेष योग्यता होती है, जिसका लाभ सरकार को मिलना चाहिएं उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में कहा कि दिव्यांगजन समाज की अमूल्य निधि हैं श्री शर्मा ने लोगों का आह्वान किया कि वे दिव्यांगजनों की प्रतिभा को पहचान कर उसे प्रोत्साहित करें मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार जरूरतमंदों को ट्राई स्कूटी और अन्य उपकरण वितरित कर रही हैं उन्होंने घोषणा की कि सरकार ने दिव्यांग भाई–बहनों के लिए क्लस्टर बनाए हैं इन क्लस्टर्स के माध्यम से हर तीन महीने में सरकारी अधिकारी उनसे मिलकर उनकी समस्याएँ जानेंगें मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि डबल इंजन की सरकार दिव्यांगजन के हितों के लिए लगातार काम करती रहेगीं

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने विश्व दिव्यांग दिवसजन पर दिव्यांगों के कल्याण के लिए सभी से समर्पित होकर काम करने का आह्वान किया हैं श्री बागडे आज 'भारतीय दिव्यांग संघ' और 'अभिव्यक्ति वेलफेयर सोसायटी' के कार्यक्रमों में संबोधित कर रहे थें उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन दिव्य होते हैं और जीवन शक्ति से भरपूर होते हैं राज्यपाल ने दिव्यांगों से अपना मन और दिमाग अच्छा रखते हुए जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान कियां उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चे सामान्य से अधिक विशिष्ट हैं इससे पहले, राज्यपाल ने 'विश्व दिव्यांग सम्मान' के अंतर्गत चयनित बच्चों को सम्मानित किया और अन्य दिव्यांग जनों को भी सम्मानित कियां उन्होंने बच्चों की प्रतिभा को आगे लाने और 'दिव्यांगजन अधिकार विधेयक –2016' के लक्ष्यों की प्राप्ति पर जोर दियां

000

पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने आज एसआईआर को लेकर कहा कि भारत का नागरिक ही मतदाता होना चाहिएं आज भीलवाड़ा में उन्होंने कहा कि जो देश से प्यार करता है वह एसआईआर के पक्ष में खड़ा मिलेगां

................

उधर, बाँसवाड़ा जिले में एसआईआर कार्य का शत–प्रतिशत लक्ष्य पूरा होने पर जिला कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत सिंह ने अपनी टीम की प्रशंसा कीं इस उपलब्धि के लिए कलेक्टर को सम्मानित किया गयां

000

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो द्वारा कोटा के राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में आयोजित 'विक्रम साराभाई अंतरिक्ष प्रदर्शनी' आज सम्पन्न हो गईं तीन दिन की प्रदर्शनी में चंद्रयान, मंगलयान, रॉकेट प्रणालियों, उपग्रहों और रोवर मॉडल्स तथा इसरो की स्पेस साइंस बस आकर्षण का केंद्र रहें कुलगुरु प्रोफेसर निमित्त रंजन चौधरी ने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों और वैज्ञानिक अनुसंधान की विविध गतिविधियों के बारे में जागरूक करना थां इस दौरान छात्रों का इसरो के वैज्ञानिकों के साथ सीधा संवाद भी हुआं

000

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर और राज्य मंत्री मंजू बाघमार ने आज प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर सुनवाई कीं इस दौरान 100 से अधिक मामले पेश हुए, जिन पर कार्रवाई की गईं श्री खींवसर ने कहा कि भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई की व्यवस्था करना सरकार का सकारात्मक कदम हैं उन्होंने बताया कि मंत्रियों के निवास पर सोमवार, मंगलवार और बुधवार को सुबह 9 से 11 बजे तक आम लोगों के लिए जन सुनवाई पहले की तरह जारी हैं राज्य मंत्री मंजू बाघमार ने कहा कि यह व्यवस्था सरकार की पारदर्शिता और जनता के प्रति समर्पण को सशक्त करती हैं

000